* वर्ष 40 * अंक 117 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर गुरुवार दिनांक 30 जनवरी 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक





# महाकुंभ में आधी रात को भगदड़ : 30 श्रद्धालुओं की मौत, 60 घायल

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट मंगलवार और बुधवार की आधी रात को हुई भगदड़ में 30 लोग मारे गए हैं। वहीं 60 से ज्यादा लोग घायल हो गये। हादसे के 17 घंटे बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 लोगों की मौत की पुष्टि की है। शाम 6.30 बजे मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और डीआईजी वैभव कृष्णा ने 3 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की। डीआईजी ने कहा- भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। 25 शवों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने कहा कि भगदड़ में मरने वालों में यूपी के सबसे ज्यादा 19, कर्नाटक के 4, गुजरात और असम के एक-एक श्रद्धालु की मौत हुई है।

उन्होंने कहा- घाट पर कुछ बैरिकेड्स टूट गए थे, जिसकी वजह से कुछ लोग जमीन पर सो रहे कुछ श्रद्धालुओं पर चढ़ गए। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि मेले में कोई वीआईपी प्रोटोकाल नहीं होगा।

मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने कहा- जो श्रद्धालु महाकुंभ में आएं हैं, उन्हें वापस भेजने के लिए काम किया जा रहा है। अब सवाल न करें। जब हादसा हुआ, उस समय लोग संगम तट पर मौनी अमावस्या के स्नान के लिए इंतजार कर रहे थे।

मेडिकल कॉलेज में 14 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए थे। फिर मेले से 8-10 एंबुलेंस से कुछ और शवों को लाया गया। इन्हें मिलाकर करीब 20 शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। वे उन्हें लेकर चले भी गए हैं।



### एक और भगदड़ में 5 लोगों की मौत

इसके अलावा महाकुंभ में बुधवार सुबह भी भगदड़ मची। हालांकि घटना देर रात सामने आई। दरअसल, ओल्ड जीटी रोड की तरफ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेला क्षेत्र में आ रहे थे। इसी बीच मुक्ति मार्ग पर एक महामंडलेश्वर की गाड़ी वहां से गुजर रही थी।
इसी दौरान 2-3 महिलाएं वहां गिर पड़ीं। गाड़ी महिलाओं को रौंदते हुए निकल गई। इसके बाद भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। इसमें 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक बच्ची भी शामिल है।

सीओ रुद्र प्रताप ने बताया- यह दुर्घटना सुबह 8 से 9 बजे के बीच में हुई। गाड़ी बैक करने के दौरान 5 लोग घायल हो गए थे।

उन्हें इलाज के लिए स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मरने वालों की शिनाख्त कराई जा रही है।

### भगदड़ की 2 संभावित वजह

- अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इस कारण संगम पर लाखों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई। इस दौरान बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ मच गई।
- संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए।


### ये इंतजाम किए गए

- भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में एंट्री करने वाले 8 पॉइंट-भदोही, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, मिजापुर बॉर्डर को बंद कर दिया गया है।
- पूरे मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। सभी व्हीकल पास रद्द कर दिए गए हैं। यानी मेले में एक भी गाड़ी नहीं चलेगी।
- रास्ते को वन-वे कर दिया गया है। एक रास्ते से आए श्रद्धालुओं को स्नान के बाद दूसरे रास्ते से भेजा जा रहा है।
- शहर में चार पहिया वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। मेला क्षेत्र में यह व्यवस्था 4 फरवरी तक लागू रहेगी।

# भावुक हुए सीएम योगी ने कहा- 30 मौतों की जांच न्यायिक आयोग करेगा

## मृतकों के परिजन को 25-25 लाख का मुआवजा

**प्रयागराज (एजेंसी)।** सीएम योगी ने महाकुंभ भगदड़ पर प्रतिक्रिया दी है। इस दौरान वह काफी भावुक दिखे। उन्होंने कहा कि 30 के आस-पास मौतें हुई हैं। मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदना सभी मृतकों के परिजन के साथ है।



उन्होंने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की आर्थिक मदद की घोषणा की। न्यायिक जांच के आदेश भी दिए। योगी ने कहा कि घटना की न्यायिक जांच के लिए हमने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। जिसमें जस्टिस हर्ष कुमार, पूर्व डीजी वीके गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस डीके सिंह की अध्यक्षता में आयोग बनाया गया है। न्यायिक आयोग एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगा। इस संबंध में मुख्य सचिव और डीजीपी खुद प्रयागराज का दौरा करेंगे।



### योगी बोले- भीड़ के बैरिकेडिंग तोड़ने से घटना हुई

योगी ने कहा 36 घायलों का इलाज प्रयागराज के अस्पताल में चल रहा है। भगदड़ की घटना इसलिए हुई क्योंकि भीड़ ने अखाड़ा मार्ग की बैरिकेडिंग तोड़ दी थी। पुलिस, एनडीआरएफ और बचाव दलों ने घायलों को अस्पताल भेजा। प्रशासन सभी बंद मार्गों को खुलवाने में तत्परता से लगा रहा। मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान करने के लिए मंगलवार शाम 7 बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हो गई। जिसमें 90 से अधिक लोग घायल हो गए और 30 लोगों की मौत हो गई। हमने इतने श्रद्धालुओं के आने की पर्याप्त व्यवस्था की थी। पुलिस के स्तर से इसकी अलग से जांच कराएंगे।

### पहली बार इतना दबाव देखने को मिला

सीएम ने कहा कि प्रयागराज में आज 8 करोड़ लोगों का दबाव था। आस-पास के जिलों में भी लोगों को यहां आने के लिए रोका गया था। इतना भारी दबाव पहली बार देखने को मिला। मौनी अमावस्या पर मुहूर्त सुबह 4 बजे से था। प्रशासन के अनुरोध पर अखाड़ों ने अमृत स्नान स्थगित कर दिया। मिर्जापुर, भदोही और जौनपुर जिलों में होर्डिंग बनाकर श्रद्धालुओं को रोका गया। सभी अखाड़ों के स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं को छोड़ा जा रहा है। रेलवे ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए लगभग 300 से अधिक ट्रेनें अभी तक चलाई हैं। रोडवेज प्रशासन ने 8 हजार बसों को लगाया है, जिससे लोगों को कोई दिक्कत न हो।



# मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में साढ़े सात करोड़ से ज्यादा लोगों ने किया स्नान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर साढ़े सात करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। जबकि 27 करोड़ से ज्यादा लोग अब तक संगम पहुंचे हैं। वहीं सभी 13 अखाड़े इस पावन अवसर पर एक साथ अमृत स्नान भी किया। बुधवार को सबसे पहले तीन शंकराचार्यों ने अमृत स्नान किया। साधु-संत छोटे-छोटे ग्रुप में अपने इष्टदेव के साथ सांकेतिक रूप से संगम स्नान किया। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज रथ पर निकले। नागा साधुओं ने तलवार लहराईं। जयकारे लगाते हुए संगम घाट पहुंचे। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने संगम में डुबकी लगाई। हेलिकॉप्टर से संतों और श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। हालांकि, भारी भीड़ और भगदड़ के कारण साधु-संतों के जत्थे को संगम तट तक पहुंचने में तय समय से लगभग 10 घंटे की देरी हुई। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में मंगलवार देर रात मची भगदड़ में मध्य प्रदेश के दो निवासियों समेत 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। राज्य सरकार के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। यह भगदड़ मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान के लिए पहुंचने के दौरान हुई।



# इसरो ने लगाई सेंचुरी, लॉन्च किया एनवीएस-02

## भारत का सटीक होगा नेविगेशन सिस्टम



**बेंगलुरू (एजेंसी)।** श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज इतिहास रच दिया। अपने 100वें मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह एक नेविगेशन उपग्रह है। यह इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन था। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। सूत्रों ने बताया कि स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ भू-समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 को लेकर यहां दूसरे लॉन्च पैड से 29 जनवरी को सुबह छह बजकर 23 मिनट पर प्रक्षेपित किया गया। इसरो ने अपने बयान में कहा, 'जीएसएलवी-एफ15/एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है अंतरिक्ष नेविगेशन में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ!' यह नेविगेशन उपग्रह 'नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन' (नाविक) श्रृंखला का दूसरा उपग्रह है, जिसका उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे के क्षेत्रों में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति, गति और समय की जानकारी प्रदान करना है। इससे पहले इसरो ने एक बयान में कहा कि एनवीएस-02 में सटीक समय अनुमान के लिए स्वदेशी और खरीदी गई परमाणु घड़ियों के संयोजन का उपयोग किया गया है।

# राज्यपाल के अभिभाषण में हंगामा नहीं करेगा विपक्ष : सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति

## मुख्यमंत्री बोले- विधायकों की बातों को गंभीरता से लेगी सरकार

**जयपुर (पुकार)।** विधानसभा के 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में सभी पार्टियों के नेताओं ने सदन में हंगामा नहीं करने पर सहमति जताई। विपक्ष ने राज्यपाल का अभिभाषण शांति से सुनने और हंगामा नहीं करने का वादा किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अभिभाषण पर हंगामा नहीं करने का भरोसा दिलाया। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन में अपनी बात रखने के लिए पक्ष और प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों की भावना एक समान ही होती है। राज्य सरकार विधायकों की बातों को गंभीरता से लेगी। स्वस्थ आलोचनाओं से काम में नई गति आती है। विधानसभा स्पीकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सदन की समितियों की रिपोर्ट पर बहस कराने का सुझाव दिया गया। विधानसभा की कार्यवाही के दौरान अफसर गैलरी में संबंधित विभागों के अफसरों की हर वक्त मौजूद रहने की व्यवस्था लागू करने और पर्ची के जरिए उठाए जाने वाले मुद्दों पर मंत्रियों के जवाब की व्यवस्था फिर से शुरू करने का भी सुझाव दिया गया।



### स्पीकर की नसीहत, वैल में नहीं आएं विधायक

बैठक में विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधायक सदन में मर्यादित व्यवहार करें और वैल में नहीं आएं। सभी विधायकों को नियमों के अनुसार बोलने का मौका मिलेगा। विधान सभा का सदन अधिक से अधिक दिन चले इसके लिए सभी दलों को सकारात्मक सोच रखनी होगी। सभी दलों को बहस के लिए नियमानुसार समय आवंटित किया जाएगा। दोनों पक्षों के मुख्य सचेतक को विधान सभा सदन की समय सीमा के अनुसार ही आसन को बोलने वाले सदस्यों की सूची देनी होगी। समय सीमा में ही अपनी बात रखनी होगी। यह दलों के नेताओं कि जिम्मेदारी होगी कि विधायक तय समय में ही बात रखें। सोलहवीं विधान सभा का सदन नए कलेवर में तैयार हो गया है। सदन को वन-नेशन-वन एप्लिकेशन के तहत विधायकों की टेबलों पर टैब लगाकर तैयार कर दिया गया है।

### नेता प्रतिपक्ष बोले- सदन चलाने की जिम्मेदारी विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष की भी

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि विपक्ष सदन संचालन में सहयोग करेगा। प्रतिपक्ष के विधायक सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से अपनी बात रखेंगे। सदन चलाने की जिम्मेदारी विपक्ष के साथ सरकार की भी है।

# वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी की मंजूरी, 16 वोट पक्ष में, 11 का विरोध

## ओवैसी बोले- एक रात में 655 पन्ने पढ़ने को दिए, ये कैसे संभव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संसद की जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) ने बुधवार को ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। 16 सदस्यों ने इसके पक्ष में वोट डाला। वहीं 11 मेंबर्स ने विरोध किया। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा, अब यह रिपोर्ट गुरूवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के सामने पेश की जाएगी। उसके आगे की कार्यवाही वह करेंगे।

कमेटी में शामिल विपक्षी सांसदों ने इस बिल पर आपत्ति जताई। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, हमें कल रात 655 पन्नों की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट मिली। 655 पन्नों की रिपोर्ट को रातों-रात पढ़ना असंभव है। मैंने असहमति जताई है और संसद में भी इस विधेयक का विरोध करूंगा।

27 जनवरी को वक्फ संशोधन अधिनियम पर जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा की गई थी। भाजपा की अगुवाई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था।

**असहमति जताने के लिए शाम 4 बजे तक का समय दिया गया :** अब तक तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और नदीमुल हक के साथ-साथ डीएमके सांसद ए राजा, आप नेता संजय सिंह और शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत और असदुद्दीन ओवैसी ने औपचारिक रूप से अपनी असहमति दर्ज करा दी है। बाकी सदस्यों को 29 जनवरी की शाम 4 बजे तक असहमति जताने का समय दिया गया है।



**कांग्रेस सांसद हुसैन बोले- संशोधन मुस्लिमों को अलग-थलग करने के लिए :** कांग्रेस सांसद डॉ. सैयद नसीर हुसैन ने कहा- कई आपत्तियां और सुझाव दिए गए थे, लेकिन उन्हें रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है। सरकार ने उनके अनुसार रिपोर्ट बनाई है। असंवैधानिक संशोधन लाए गए हैं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को नुकसान पहुंचाया गया है। संशोधन अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिम समुदाय को अलग-थलग करने के लिए लाए गए हैं।

# बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी पूरी हुई, तीनों सेनाओं और सीएपीएफ के बैंड ने धुनें पेश कीं : राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्र.म. मौजूद रहे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के विजय चौक पर बुधवार शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी हुई। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों का समापन हुआ। तीनों सेनाओं के साथ सीएपीएफ के बैंड ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने 30 फुट टैपिंग भारतीय धुनें बजाईं। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह स्पीकर ओम बिड़ला सहित अन्य केंद्रीय मंत्री और आम जनता मौजूद रही। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया था। समारोह की शुरूआत में सेना द्वारा राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट दिया। इसके बाद तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरूआत धुन 'कदम-कदम बढ़ाए जा' बजाकर की। पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड ने अमर भारती बजाकर 'मैप ऑफ इंडिया' बनाया। सीएपीएफ बैंड ने विजय भारत का संगीत पेश किया। एयरफोर्स ने गैलेक्सी राइडर धुन पेश की। इस धुन को रिटायर्ट विंग कमांडर जी जयचंद्रन ने तैयार किया था। सेनाओं के द्वारा कौरवों-पांडवों, सलामी देते जवान, एक पेड़ मां के नाम और चक्रव्यूह की आकृति तैयार की गई। समारोह के मुख्य संचालक कमांडर मनोज सेबेस्टियन थे। बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम का समापन 'सारे जहां से अच्छा' के साथ किया गया। समारोह के अंत में सभी बैंड मास्टर राष्ट्रपति के पास गए और बैंड वापस ले जाने की इजाजत मांगी। इसके बाद समारोह समाप्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगशाला में 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' नाटक 2 फरवरी को

**उदयपुर (पुकार)।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार 2 फरवरी 2025 को नाटक 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' का मंचन किया जाएगा।

पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में 'सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का' नाटक का मंचन रंग विदूषक संस्था भोपाल द्वारा किया जाएगा। इस नाटक के लेखक राजेश जोशी तथा निर्देशक पद्मश्री स्व. बंशी कौल है। इस नाटक में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

**नाटक की कहानी :** एक अमीर जमींदार का बेटा कभी स्कूल नहीं गया। वह अपना समय गली के खेल खेलने और अपने साथियों के साथ पतंग उड़ाने में बिताता है, जिससे एक तरह की लुम्पेन संस्कृति पैदा होती है। एक दिन एक नजूमी तुक्कू में एक आसान आय देखता है। वह तुक्कू के पास जाता है और उसे बताता है कि वह शाही दरबार में एक उच्च अधिकारी बनने के योग्य है। अगर वह शाही परीक्षा में शामिल होता है तो वह पहले तीन पदों में से एक हासिल कर लेगा। घटनाओं के मोड़ से काफी खुश होकर, तुक्कू नजूमी को उदारता से पुरस्कृत करता है। तुक्कू राजधानी पहुँचता है। शाही मुहर के बल पर, तुक्कू का शाही दरबार में एक अधिकारी बनने का सपना आखिरकार साकार होता है। तुक्कू के मूर्खतापूर्ण निर्णयों का दरबार में स्वागत किया जाता है। हालाँकि, यह मस्कारा ही है जो शुरू से ही तुक्कू की मूर्खता को देख लेता है। नवाब को उनके जन्मदिन पर प्रशंसात्मक कविता भेंट करने का तुक्कू का जल्दबाजी और अनुचित निर्णय उसे अंततः निरक्षरता की समस्या से रूबरू कराता है। बूढ़ा अफसर, जो तुक्कू की निरक्षरता का रहस्य जानता है, इसका पूरा फायदा उठाता है और तुक्कू की ओर से कविता लिखता है। जैसे ही कविता का पाठ शुरू होने वाला होता है, विद्रोही महल पर आक्रमण कर देते हैं और नवाब के शासन को समाप्त कर देते हैं। नया नवाब, जो तुक्कू द्वारा लिखी गई बातों से बहुत प्रभावित होता है, तुक्कू को अगला नवाब बनाकर सम्मानित करता है।

### खेल के रंग, ग्रिगोरियन के संग :वार्षिक क्रीड़ा दिवस का शानदार आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव 2024-25 हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी महेंद्र सिंह शेखावत, सम्माननीय अतिथि डीईओ माध्यमिक मुख्यालय के संस्थापन अधिकारी अजय जी कोठारी और रेव. फादर डेनियल वर्गीस ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रेव. फादर वर्गीस थॉमस, प्रधानाचार्या शुभा जोस, उप-प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी, विद्यालय स्टॉफ और सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट जनों के तिलक और स्वागत से हुआ। इसके पश्चात झंडारोहण और छात्रों द्वारा अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया, जो सभी के आकर्षण का केंद्र बना। वार्षिक खेलकूद के विधिवत शुरुआत की घोषणा अजय कोठारी, संस्थापन अधिकारी, माध्यमिक मुख्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा की गई। प्राथमिक वर्ग के छात्रों ने ऊर्जा से भरपूर एरोबिक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि सीनियर छात्रों ने शानदार ड्रिल प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु-वर्गों के छात्रों ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, शॉटपुट, थ्री-लेग रेस, रिंग रेस, नींबू-चम्मच दौड़ और सेक रेस जैसे खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य का प्रदर्शन किया। विजेताओं को पदक और प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस क्रीड़ा महोत्सव ने न केवल छात्रों में खेल भावना और अनुशासन को प्रोत्साहित किया, बल्कि सामूहिकता और नेतृत्व के गुणों को भी बढ़ावा दिया। अभिभावकों और अतिथियों ने छात्रों की उमंग और साहस की सराहना की और इस आयोजन को अत्यंत सफल और प्रेरणादायक बताया।

### डॉ. जोशी को मिला सीटीएई अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार



**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं अभियांत्रिकी विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालय,में अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार डॉ सुनील जोशी को बुधवार को सौंपा गया। विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार ने एक आदेश जारी कर वर्तमान में विश्वविद्यालय में प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग निदेशक के पद पर कार्यरत डॉ जोशी को यह दायित्व सौंपा है। पूर्व में डॉ.जोशी सीटीएई कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। प्रोफेसर जोशी के पास 30 वर्षों का अध्यापन एवं अनुसंधान के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। उन्होंने वायरलेस संचार, आईटी सेंसर और रोबोटिक्स के क्षेत्र में नवीन तकनीकों को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ जोशी के द्वारा कृषि क्षेत्र में डिजिटल टेक्नोलॉजी के उपयोग हेतु कई नवाचारों को प्रतिपादित भी किया है। वायरलेस संचार के क्षेत्र में डॉ जोशी ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।

### एनएबीएल मान्यता पर जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

**उदयपुर। (पुकार)** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर के आईपीएम थियेटर में प्रयोगशालाओं की एनएबीएल मान्यता पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. भूमि राजगुरू द्वारा एनएबीएल संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न कार्ययोजनाओं की रूप-रेखा एवं एनएबीएल द्वारा प्रदत्त प्रयोगशालाओं की मान्यता प्राप्त करने के लिये अपनाई जाने वाली प्रक्रिया तथा संस्थान द्वारा दी जाने वाली मान्यता के महत्व पर प्रकाश डालते हुये खाद्य एवं कृषि रसायनों के मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के परीक्षण, प्रमाण-पत्र का राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. राजगुरू ने विकसित भारत 2047 हेतु गुणवत्ता युक्त उत्पादन उपलब्ध करवाये जाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. एस.एस. लखावत, प्राध्यापक उद्यान विज्ञान एवं सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों, विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों एवं स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्या वाचस्पि विद्यार्थियों को इस कार्यशाला के माध्यम से एनएबीएल द्वारा प्रयोगशालाओं की मान्यता हेतु आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के तहत 200 प्रतिभागियों ने अपना पंजियन करवाते हुये कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के.के. यादव द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य सुधार पर प्रकाश डालते हुये विश्वविद्यालय के निर्देशन में आयोजित एनएबीएल कार्यशाला हेतु कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक व महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.बी. दुबे का आभार व्यक्त किया।

### रिश्तेदारों ने व्यापार में निवेश करवा अच्छे मुनाफे का झांसा देकर साढे आठ लाख हड़पे

**उदयपुर (पुकार)।** सविना थाना क्षेत्र में सोनिका पत्नी लोकेश औदिच्य निवासी शंकर सदन, 9-न्यू कॉलोनी सविना हाल शांतिनगर हि.म.से. 3 ने प्रदीप पुत्र सुंदरलाल औदिच्य निवासी पण्डित दीन दयाल नगर विस्तार योजना बलीचा, इसकी पत्नी प्रिंयका औदिच्य, हितेश पुत्र प्रकाश शर्मा निवासी उथरदा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि उसकी भुआ की लड़की प्रियंका औदिच्य व उसके पति प्रदीप औदिच्य व भुआ के लड़के हितेश शर्मा ने उसे व्यापार में निवेश कर अच्छा मुनाफा दिलाने का आश्वासन देकर उससे व उसके पति लोकेश औदिच्य 8 लाख 50 हजार 900 रूपये प्राप्त कर लिए परंतु उसे आज तक मुनाफे के नाम पर कोई रूपया नहीं दिया है और पूछने पर कोई न कोई बहाना बनाकर टालमटोली कर रहे है। जिस पर उसने उसे मूल राशि 8 लाख 50 हजार 900 रूपये व लाभांश के रूपये मांगे तो तीनों साफ मुकर गए। साथ ही इन लोगों ने कभी यह भी नहीं बताया कि उन्होंने किस व्यापार में निवेश करने के नाम पर पैसा प्राप्त किया है। प्रदीप औदिच्य ने उसे विश्वास में लेकर सोने की चेन व दो चुडिया तथा दो हस्ताक्षरशुदा खाली स्टाम्प एवं बैंक के हस्ताक्षरशुदा दो खाली चैक भी ले रखे है और मांगने पर भी ये जेवरात, चैक व स्टाम्प नहीं दे रहा है। उन्हें पूरी आशंका है कि ये लोग हस्ताक्षरशुदा खाली चैक व स्टाम्प का दुरूपयोग कर सकते है। वहीं जेवरात भी खुर्द बुर्द कर दिए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गजपाल शहर व पुष्कर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष मनोनीत





**उदयपुर (पुकार)।** भाजपा शहर तथा देहात के अध्यक्षों की घोषणा बुधवार को हुई। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने सर्वसम्मति से शहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़ तथा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली के नाम की घोषणा की। दोनों अध्यक्ष आगामी पंद्रह दिनों में कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे।

इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी शहर जिला उदयपुर के संगठन पर्व के अंतर्गत जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए बुधवार को पार्टी कार्यालय पर चुनाव कार्यक्रम के पर्यवेक्षक पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ एवं चुनाव प्रभारी वीरमदेव सिंह ने जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, जिला प्रभारी बंसीलाल डांगी के साथ सभी तेरह ही आवेदकों के साथ बैठक कर सर्वानुमति बनाने का सफल प्रयास किया। जिसमें उन्होंने कहा कि हमारे संगठन में संगठन सर्वोपरि का बड़ा ही महत्व है जो निर्णय संगठन ने तय कर दिया उसकी पालन करना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक ही व्यक्ति को पद दिया जा सकता है इसलिए आप सभी सहयोग करें एवं पार्टी को सशक्त बनाने में योगदान दें।

पार्टी कार्यालय के सभागार में जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली की अध्यक्षता में एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौर के मुख्य सानिध्य में बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में प्रारंभ में जिलाध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली ने समस्त मंचासिन अतिथियों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए बीते छह वर्षों के उनके कार्यकाल के बारे में बताया और कहा कि प्रदेश द्वारा दिए गए हर कार्य को संपूर्ण कर जिले को हर कार्य में प्रदेश में अव्वल लाने का कार्य कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर किया।

उन्होंने चुनाव प्रभारी वीरमदेव सिंह के बराबर मार्गदर्शन और निर्देशों से सदस्यता अभियान का हर चरण व्यवस्थित संपादित करने का श्रेय दिया। भाजपा संगठन चुनाव प्रभारी विरेंदेवसिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान बूथ समिति मंडल अध्यक्ष तक के चुनाव के बारे में बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की अधिक प्रयासों से यह सब संभव हो पाया साधारण सदस्यता एवं सक्रिय सदस्यता में बूथ समिति के साथ उदयपुर शहर जिला प्रदेश में सबसे ऊपर पायदान पर आया है। उन्होंने कहा कि 601 बूथ इकाइयां है जिसमें 100% फोटोयुक्त बूथ समितियां बन चुकी है,12 में से 11 मंडल अध्यक्ष का मनोनयन हो चुका है। तेरह आवेदन जिलाध्यक्ष के लिए आय सभी से चर्चा कर प्रदेश संगठन को अवगत करा सर्वानुमति से जिलाध्यक्ष का नाम तय किया गया। उन्होंने कहा कि साधन कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी मिलने वाली है और वह सभी को साथ लेकर चलेगा ऐसा उनका विश्वास है राष्ट्र की उन्नति पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ता कार्य करता है।

अंत में उन्होंने शहर जिला के वर्तमान महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़ का नाम लेकर उन्हें मंच पर आमंत्रित किया और उन्हें शहर जिला के नये अध्यक्ष के रूप में मनोनयन की घोषणा की।

तालिया की गड़गड़ाहट के साथ सभी ने नए अध्यक्ष का स्वागत किया पर्यवेक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़ ने पगड़ी, उपरना पहना कर उनका स्वागत किया। पार्टी कार्यालय पर जश्न का माहौल बना, कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने लायक था। इस अवसर पर आतिशबाजी की गई। मिठाइयां बांटी गई।

अपने उद्बोधन में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पर्यवेक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि गजपाल सिंह राठौड़ प्रारंभ से ही संगठन की विचारधारा के साथ जुड़े हुए थे महाविद्यालय के समय से ही छात्र राजनीति में कार्य प्रारंभ कर युवा मोर्चा के संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष भीलवाड़ा के सह प्रभारी शहर जिला महामंत्री एवं विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग क्षेत्र के प्रभारी के नाते दायित्व का निर्वहन किया। ऐसे युवा व्यक्ति को जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर इनके जिम्मे बहुत बड़ा भर दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी दूसरे राजनीतिक दलों से बिल्कुल अलग है हम सत्ता के लिए नहीं मिशन के लिए काम कर रहे हैं,है गरीब कल्याण के लिए काम करने वाले विचारधारा के लिए जुड़ने वाले लोग हैं उन्होंने उदयपुर को सुंदर सिंह भंडारी, भानु कुमार शास्त्री, गुलाबचंद कटारिया आदि के कर्म की धरती बताया और कहा कि श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ चुने जाने के लिए बहुत बड़ी परीक्षा होती है और उसमें एक को सेनापति बनाया जाता है परंतु युद्ध को जीतने के लिए सेना का होना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि शहरी निकाय एवं पंचायत राज के चुनाव हमारे सामने है भारतीय जनता पार्टी को दोनों ही चुनावों में सफलता दिलाने का जिम्मा इन पर है सभी का साथ और विकास के मंत्र को लेकर सभी सहयोग करें पार्टी को सशक्त बनाएं और जिला अध्यक्ष का आचरण भी कार्यकर्ताओं के अनुरूप हो। संगठन में सतत कार्य करें पार्टी को सब पता है कौन कितना कार्य कर रहा है और यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि एक सामान्य कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी प्राप्त हो सकती है उन्होंने कहा कि यह निर्णय पार्टी की रीति-नीति का निर्णय है हम सब सहज स्वीकार करें।






भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि पार्टी कार्यालय पर जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक, शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, मावली के पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी, पूर्व महापौर रजनी डांगी,पूर्व उपमहापोर पारस सिंघवी, तखत सिंह शक्तावत, खूबी लाल पालीवाल, करण सिंह शक्तावत, अलका मूंदड़ा, अतुल चंडालिया, नानालाल वया, राम कृपा शर्मा, रवि नाहर, डॉ किरण जैन, मनोज मेघवाल प्रेम सिंह शक्तावत लोकेश द्विवेदी वंदना मीणा जगदीश शर्मा गजेंद्र भंडारी आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूर्व पार्षद आदि उपस्थित थे। संचालन खूबी लाल पालीवाल ने किया।

शहर जिलाध्यक्ष निर्वाचन के बाद राजेंद्रसिंह राठौड़ बलीचा स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे और वहां देहात भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा से पहले पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

सभी 19 दावेदारों से सर्वसम्मति से नामांकन वापस उठवाने के बाद राठौड़ ने जिलाध्यक्ष के लिए पुष्कर तेली के नाम की घोषणा की।

तेली वर्तमान में जिला परिषद में उप जिला प्रमुख हैं और पहले गोगुंदा प्रधान रह चुके हैं। पार्टी ने जिला प्रमुख चुनाव में उनको लसाड़िया की तरफ से चुनाव लड़ाया और वे जीत गए और बाद में उप जिला प्रमुख बनाया।

निर्विरोध निर्वाचन के पश्चात शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ एवं देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी के साथ सर्वप्रथम सूरजपोल स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात गोवर्धन सागर स्थित स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दूध तलाई स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुंती लाल जैन, लोकेश द्विवेदी, पारस सिंघवी, कन्हैया लाल मीणा, अर्चना शर्मा, दिनेश गुप्ता, विजय आहुजा, महेश त्रिवेदी, मुकेश माधवानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सुरक्षा मापदंडों में कमी पर दो भवनों को किया सीज

अग्निशमन शाखा की शहर में सख्त कार्रवाई

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम अग्निशमन शाखा द्वारा बुधवार को सुरक्षा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए की गई जांच में कमी पाए जाने पर दो रिहायशी इमारतो को सीज करने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि शहर में बड़ी एवं रिहायशी इमारतें जैसे शोपिंग मॉल, होटल्स, कोचिंग संस्थानें, स्कुल, हॉस्टल, पेट्रोल पम्प, रेस्टोरेंट एवं व्यावसायिक गतिविधि करने वाले समस्त स्थल आदि बनी हुई है, यदि सुरक्षा मापदंडों को ध्यान में रखकर उनका निर्माण नहीं किया गया है तो उन्हें तुरंत सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। निगम द्वारा कभी भी आकस्मिक जांच की जाएगी जांच में सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो निगम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए सख्त एक्शन लिया जाएगा।



**दो इमारत को किया सीज :** मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर शहर की कई प्रमुख इमारतों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में फायर ऑफिसर शिवराम मीणा, नवदीप सिंह बग्गा आदि की टीम द्वारा इमारत की सुरक्षा मापदंडों को लेकर सगन जांच की गई। जांच में जिन इमारतो ने सुरक्षा मापदंड नहीं अपनाए थे उन्हें नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किए गए। नोटिस मिलने के उपरांत भी सुरक्षा हेतु जारी निर्देश की पालना नहीं करने के कारण बुधवार को नगर निगम अग्निशमन दल ने सुरजपोल स्थित कावेरी पैलेस होटल एवं सेक्टर-9 वी.आईपी. कॉलोनी स्थित जैनम इलेक्ट्रो प्लाजा इमारत को सीज करने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि स्वायत्त शासन विभाग राज. सरकार व नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के तहत लाईफ एण्ड सेफ्टी के तहत जनहित एवं सुरक्षा की दृष्टि से शहर में निर्मित होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य व्यावसायिक गैर व्यावसायिक इमारत में सुरक्षा माफ डंडों को लेकर आकस्मिक जांच की जाएगी। जांच में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी इमारत में सुरक्षा को लेकर कुछ कमी है तो वह उस कमी को पूरा कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करें साथ ही नगर निगम अग्निशमन शाखा से एनओसी प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त करें। यदि भवन मालिको द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से कोई कमी रखी जाएगी तो ऐसी इमारतों को नगर निगम अग्निशमन द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सीज किया जाएगा।

# निगम ने आयड नदी से हटाए अतिक्रमण

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रसिद्ध आयड नदी के पेटे से अतिक्रमण हटाया गया।



नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि शहर की प्रमुख आयड नदी में अतिक्रमण को लेकर शिकायत प्राप्त होने पर बुधवार को सख्त कार्रवाई की गई। नहीं पेटे में कुछ लोगों द्वारा चारदीवारी बनाकर उसमें पशुओं को बांधा जा रहा था। शिकायत प्राप्त होने के उपरांत नगर निगम राजस्व निरीक्षक मोहित अग्निहोत्री, विजय जैन, राहुल मीणा एवं पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी ने तुरंत अतिक्रमण को हटाया।

**जेसीबी से हटाया अतिक्रमण :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि कृष्णापुरा के पास भूपालपुरा पुलिस चौकी के पास अतिक्रमण किया गया था जिसको जेसीबी द्वारा तोड़ा गया।

## कामकाजी महिलाओं और कल्याण विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

# महिला सशक्तिकरण और कल्याण नीतियों पर वैश्विक विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के फैशन टेक्नोलॉजी एवं डिजाइनिंग विभाग में 'कामकाजी महिलाएं एवं कल्याणः नीतियां, अधिकार और कल्याण पहल' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संगोष्ठी में फ्रांस, इटली, स्विट्जरलैंड, जॉर्जिया, यूएई, मॉरीशस, नामीबिया, शिकागो और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों के विशेषज्ञों और भारत के विभिन्न राज्यों के शिक्षाविदों ने भाग लिया।

#### वैश्विक मंच पर महिला सशक्तिकरण पर मंथन

इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. नेनो गाबेलिया (विभागाध्यक्ष, इटालियन हॉस्पिटैलिटी स्कूल, रोम, इटली) ने 'एम्पॉवरिंग वीमेन अक्रॉस बॉर्डर्स : शेपिंग वर्क -लाइफ बैलेंस' विषय पर विचार प्रस्तुत किए। मिस लू नान टॉआ (इंडस्ट्रियल रिस्क रिसर्च इंजीनियर, फ्रांस) ने 'वेलफेयर पॉलिसीज़ः डेफिनिशन एन्ड लीगल फ्रेमवर्क ' पर व्याख्यान दिया, जिसमें कार्यस्थल पर महिला अधिकारों और सुरक्षा पर जोर दिया गया।

मिस्टर इरकली एफ्रेमिड्ज़े (रेक्टर, स्विस अकादमी, स्विट्जरलैंड) ने महिलाओं की व्यावसायिक भागीदारी पर विचार रखे, जबकि डॉ. एकाटेरिन सोखाद्ज़े (मेडिकल एक्सपर्ट और स्वास्थ्य ब्लॉगर, जॉर्जिया) ने 'न्यू टेक्नोलॉजी फॉर सपोर्टिंग वर्किंग वीमेन एन्ड वेल्बीइंग ' पर अपने विचार रखें।

#### विशेषज्ञों एवं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों की भागीदारी

सम्मेलन में प्रो. धृति सोलंकी (डीन, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी एंड एप्लाइड साइंसेज, एमपीयूएटी) एवं प्रो. शूरवीर भानावत (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर) की उपस्थिति रही। उन्होंने महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के संदर्भ में महत्वपूर्ण विचार रखे और विश्वविद्यालय स्तर पर लागू की जा सकने वाली योजनाओं पर चर्चा की।

#### 70 से अधिक प्रतिभागियों ने साझा किए अनुभव

संगोष्ठी में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अनुभवों व विचारों को साझा किया। यह सम्मेलन केवल चर्चा का मंच न होकर, एक वैश्विक नेटवर्क तैयार करने की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा है, जिससे हर वर्ग की महिलाओं तक पहुँच बनाई जा सके। डॉक्टर्स, हाउसहोल्ड वर्कर्स, बुटीक ओनर्स और अन्य वर्किंग वुमन के अनुभवों को भी इस मंच का हिस्सा बनाया गया।

#### छात्राओं की भागीदारी और नीति निर्माण पर विशेष जोर

इस सम्मेलन में विद्यार्थियों को भी जोड़ा गया ताकि वे महिलाओं के अधिकारों और नीतियों को समझ सकें और भविष्य में नीति-निर्माताओं की भूमिका निभा सकें। संगोष्ठी के दौरान महिलाओं की समस्याओं और उनके समाधान को वीडियो और इंटरव्यू के माध्यम से गहराई से समझने का प्रयास किया गया।

#### ग्रामीण और शहरी महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा

यह संवाद केवल शहरी महिलाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण और हाशिए पर खड़ी महिलाओं की समस्याओं और उनके समाधान को भी प्राथमिकता दी गई। संगोष्ठी के निष्कर्षों को एक ठोस नीति मसौदे के रूप में सरकार और नीति-निर्माताओं तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

#### चार सत्रों में हुई गहन चर्चा






संगोष्ठी में चार प्रमुख सत्र आयोजित किए गए, जिनमें से कुछ वर्चुअल और कुछ फिजिकल मोड में थे, ताकि दूर-दराज के विशेषज्ञ भी इस संवाद का हिस्सा बन सकें। इन सत्रों में महिला वित्तीय स्वतंत्रता और उद्यमिता, कौशल विकास और शिक्षा, कार्यस्थल पर महिला अधिकार और सुरक्षा, लैंगिक समानता और कल्याणकारी नीतियाँ नीतियों सबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

#### सतत विकास लक्ष्यों (SDG) की दिशा में कदम

संगोष्ठी में डॉ श्वेता शर्मा ने कहा कि महिलाओं की भलाई और सशक्तिकरण के लिए केवल सरकारी नीतियों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। सभी क्षेत्रों की महिलाओं की सामूहिक भागीदारी से ही सतत विकास लक्ष्यों (SDG-5, 8, और 10) को प्राप्त किया जा सकता है।

#### महिला सशक्तिकरण की नई दिशा

प्रो. विजयलक्ष्मी चौहान ने महिलाओं के समग्र विकास के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण को केवल एक सामाजिक विषय न मानकर इसे एक आर्थिक और राजनीतिक एजेंडा भी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर महिला छात्राओं और शोधार्थियों के लिए अधिक अवसर सृजित करने की आवश्यकता बताई।

डॉ राजश्री चौधरी, डॉ. नीतू परिहार, प्रो सुमन सिंह, प्रो नफीसा हातिमी, डॉ. प्रीति शर्मा ने विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता की।

डॉ.. डॉली मोगरा ने संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि 'इस सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं की आवाज़ को सशक्त बनाना है—चाहे वह डॉक्टर हों, हाउसवाइफ, छात्राएँ, या उद्यमी। हमने उनके विचारों और अनुभवों को एकत्र कर एक ऐसा दस्तावेज़ तैयार करने का संकल्प लिया है, जो न केवल नीति-निर्माण में सहायक होगा, बल्कि महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगा।'

#### महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा, महिलाओं के साथ

इस संगोष्ठी का संदेश स्पष्ट है—यह मंच महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा, और महिलाओं के साथ एक नए समाज की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प है। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर इस सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया और महिलाओं की भलाई के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। संगोष्ठी में डॉ. शैलेन्द्र मौर्य ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया, अन्नू जैन, रेखा पुरोहित और डॉ. ममता कावड़िया ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

# सम्पादकीय

## महाकुंभ की त्रासदी

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के हुए हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। यूं तो अतीत में भी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन के कुंभों के दौरान भी कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, लेकिन सवाल है कि क्या हम अतीत के हादसों से कोई सबक ले पाए हैं? यूं तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मेला प्रबंधन व सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्त के दावे किए गए थे, लेकिन मौनी अमावस्या की घटना ने यह दुखद स्थिति पैदा कर दी है। करोड़ों तीर्थयात्रियों का अचानक किसी धार्मिक आयोजन में पहुंचना निश्चित रूप से शासन व प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन जाता है। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन की प्राथमिकता दुर्घटना मुक्त आयोजन ही होना चाहिए। दरअसल, ऐसे आयोजनों में तीर्थयात्रियों की जल्दीबाजी और पहले स्नान करने की होड़ अकसर ऐसी भगदड़ पैदा कर देती है। जो बताती है कि हम सार्वजनिक जीवन में ऐसे बड़े आयोजनों में अनुशासित व्यवहार करने से चूक जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि कुंभ के आयोजनों में पिछले बड़े हादसों के सबक हम पूरी तरह सीख नहीं पाए हैं। हालांकि, शासन-प्रशासन को इस बात का अंदाज था कि इस बार करोड़ों की भीड़ जुटेगी, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं सावधानी में चूक तो हुई है। निस्संदेह, महाकुंभ का आयोजन भारतीय सनातन परंपरा का अटूट हिस्सा रहा है। बिना चिट्ठी व तार देश के कोने-कोने से तीर्थयात्री महाकुंभ में जुटते हैं। कल्पवास में संयमित जीवन से आध्यात्मिक लाभ अर्जित करते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ यातायात के साधनों की उपलब्धता से ऐसे आयोजनों पर भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया की सक्रियता ऐसे आयोजन के प्रति अतिरिक आकर्षण पैदा कर देती है, जिससे श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित सैलाब कुंभ नगरी की तरफ मुड़ जाता है। निश्चित रूप से समय के साथ आये सामाजिक बदलावों के मद्देनजर शासन-प्रशासन को महाकुंभ के आयोजन में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

निश्चित रूप से महाकुंभ के आयोजन से जुड़े तंत्र को उन कारणों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिसके चलते इस त्रासदी की छाया प्रयागराज महाकुंभ पर पड़ी। उन तमाम संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है जो कुंभ जैसे बड़े आयोजनों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में सहायक हो सकती हैं। हालांकि, प्रयागराज महाकुंभ में एआई, ड्रोन व कंप्यूटरों के जरिये व्यापक सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी भी अफवाहों व भगदड़ की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। तीर्थयात्रियों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि वे धैर्य के साथ अपनी स्नान की बारी का इंतजार करें। साथ ही अफवाहों व जल्दीबाजी से बचें। बताया जाता है कि प्रयागराज हादसे में भी कुछ तीर्थयात्रियों द्वारा स्नान में जल्दीबाजी करने तथा अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स पर चढ़ने पर मची अफरातफरी को कारण बताया गया। लेकिन इसके बावजूद पुलिस व अधिकारियों की चूक को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निश्चित रूप से वे भीड़ के मिजाज को समय रहते भांप लिया जाता तो शायद हादसे को टाला जा सकता। हालांकि, मृतकों के परिजनों व घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की गई है। साथ ही न्यायिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद इस बात की गहन जांच जरूरी है कि स्थिति कैसे नियंत्रण से बाहर हो गई। यह एक निर्विवाद सत्य है कि गोपनीयता का पर्दा डालने से केवल अफवाहों व गलत सूचनाओं को ही बढ़ावा मिलता है। बहरहाल, आने वाले समय में श्रद्धालुओं को मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत होगी कि वे अपने आसपास के घाट पर ही स्नान करके समान पुण्य अर्जित कर सकते हैं। यह भी कि संगम के सभी घाट समान रूप से पवित्र हैं। इससे चुनिंदा घाटों पर तीर्थयात्रियों का दबाव नहीं बनेगा। साथ ही श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार के लिये प्रेरित किया जाना भी बेहद जरूरी है। ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

# संक्षिप्त खबरें...

## नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा खेलो कबड्डी प्रतियोगिता 3 फरवरी से, कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**भीलवाड़ा।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा शहर में आयोजित की जा रही कबड्डी प्रतियोगिता हेतु कार्यालय का शुभारंभ 29 जनवरी बुधवार को महापौर राकेश पाठक द्वारा किया गया। खेलो कबड्डी प्रतियोगिता 3 फरवरी 2025 से 9 फरवरी 2025 के मध्य चित्रकूट धाम नगर निगम भीलवाड़ा में आयोजित की जाएगी जिसमें शहर के 70 वार्डो की टीम भाग लेगी, प्रतियोगिता में लगभग 1100 खिलाड़ी भागीदारी निभाएंगे। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 100000 की इनामी राशि एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51000 की इनामी राशि प्रदान की जाएगी कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में उप महापौर रामलाल योगी, नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, प्रतियोगिता संयोजक मुकेश शर्मा देबू, जीपी खटीक, उदय लाल तेली, प्रकाश भील, लव कुमार जोशी, अनिल सिंह जादौन, सागर पांडे, जगदीश गुर्जर, हेमंत शर्मा, गौरव टॉक, सुनील खोईवाल ,हरनारायण माली, पारस कुमार जैन सहित निगम के पार्षद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री राम मण्डल सेवा संस्थान ने सुरास गोशाला मे दो एल्युमीनियम के भगोने किए भेंट

**भीलवाड़ा।** श्री राम मण्डल सेवा संस्थान द्वारा हर अमावस्या की भांति इस बार भी मोनी अमावस्या पर अध्यक्ष शान्ति प्रकाश मोहता के नेतृत्व में श्री कृष्ण गोशाला सुरास में 501 किलो लापसी और हरा चारा गायों को खिलाया गया साथ में 100-100 किलो के दो एल्युमीनियम के भगोने लापसी बनाने के लिए भेंट किये गए यह गोशाला शहर से थोड़ी दूर होने के कारण यहाँ समाज सेवी लोग कम पहुच पाते है निराश्रित गोवंश की सेवा के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग इस गोशाला में पधारे और गोवंश की सेवा करे इस सेवा के कार्य में संस्था के रामावतार शर्मा, मुकेश वर्मा, सुभाष शर्मा, चेनसिंह चौहान, महिला मण्डल की अध्यक्ष ममता शर्मा, बबिता अग्रवाल, पिंकी सोनी, बनवारी सैनी, गोविन्द राज पुरोहित, लाल चंद कुमावत, रामेश्वर लाल सोनी, लोकेश सोनी, शिवम् सोनी, राम कुमार शर्मा, हनुमान परिहार, कन्हया लाल शर्मा, मनोज अग्रवाल, नारायण पंचोली, प्रेम शर्मा, देवा राम, गणेश आदि मण्डल के सदस्यों ने सेवा की।

## द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी योग शास्त्र और उसकी प्रायोगिक प्रासांगिकता का आयोजन आज और कल

**निंबाहेड़ा ।** श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय निंबाहेड़ा के योग विभाग और राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर के सयुंक्त तत्वावधान में द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी योग शास्त्र और उसकी प्रायोगिक प्रासांगिकता का आयोजन 30 जनवरी से 31 जनवरी को ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों माध्यम में आयोजित की जाएगी। इसमें योग के प्रसिद्ध विद्वानों, प्रेक्टिसनरों द्वारा मुख्य भाषण दिया जाएगा तथा छात्रों और अन्य विद्वानों द्वारा मौलिक शोध और अंतर्दृष्टियों को प्रदर्शित करते हुए शोध पत्र वाचन प्रस्तुतिया होगी तथा विभिन्न योग अभ्यास के पहलुओं पर इंटरेक्टिव वर्कशॉप, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान शामिल हैं व योग की कलात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शन सम्मिलित रहेंगे। उक्त संगोष्ठी में राष्ट्र के सम्मानित योग विशेषज्ञ डॉ. शत्रुघ्न सिंह, वंदना राठौड़, प्रो. संजीब पात्रा, डॉ. नीरज शर्मा आदि विद्वान सम्मिलित होंगे। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. ताराशंकर शर्मा करेंगे।

## व्यवसायिक शिक्षा के तहत बालिकाओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण, हुनर है तो कदर है से ली प्रेरणा

**फतहनगर।** महात्मा गांधी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की 20 बालिकाओं को विकल्प संस्थान द्वारा संचालित पंख महिला आर्थिक सशक्तिकरण कार्यक्रम केंद्र का व्यवसायिक शिक्षा के तहत शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस केन्द्र पर बालिकाओं को प्रशिक्षुओं द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किए गए व अपने सिले हुए कपड़ों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। इसी के साथ कुसुम द्वारा विकल्प के कार्य की जानकारी देते हुए बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। पंख प्रशिक्षक ममता द्वारा पंख सेंटर से अवगत कराते हुए बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने व सशक्तिकरण के लिए जागरूक किया गया। कृष्णा द्वारा अपने संघर्ष की कहानी साझा की गई। विद्यालय से कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता यादव, प्रभारी श्रीमती मधु मंडोवरा आदि भी उपस्थित रहे।

## बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रशिक्षण का समापन

**फतहनगर।** बुधवार को राजकीय विद्यालय मावली गांव में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवम् शिक्षा प्रशिक्षण दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया। दूसरे दिन प्रशिक्षण में महिला पर्यवेक्षक रेखा देवड़ा द्वारा पेरेंट्स मीटिंग के बारे में बताया गया। प्रत्येक महीने अमावस्या के दिन पेरेंट्स मीटिंग कार्यकर्ता द्वारा की जानी है। 3से 6 वर्ष के बच्चो के माता पिता को एक दिन पहले आमंत्रण देना है। सामूहिक चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ता द्वारा टीएलएम बनाए गए एवम् उनका प्रेजेंटेशन ग्रुप अनुसार किया गया। समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# भारतीय वायुसेना से एमेज़ॉन तक, विभूति मंगल के करियर का प्रेरक सफर

देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले सैन्य अधिकारी जब कॉर्पोरेट जगत में कदम रखते हैं, तो यह सिर्फ करियर में बदलाव ही नहीं, बल्कि एक नए सफर की शुरुआत को भी उजागर करता है। सैन्य कर्मियों में रणनीतिक दृष्टिकोण, अनुशासन और अटूट धैर्य जैसे अद्वितीय गुण होते हैं। एमेज़ॉन का मिलिट्री प्रोग्राम इन्हीं गुणों को पहचानते हुए पूर्व सैनिकों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करता है, ताकि वे कंपनी में प्रभावशाली भूमिकाएँ निभा सकें।

स्क्वाड्रन लीडर विभूति मंगल (सेवानिवृत्त) इसी प्रेरणादायक बदलाव की एक मिसाल हैं, जिन्होंने अपनी सैन्य सेवाओं और अनुभवों का उपयोग कर एमेज़ॉन में सफलता हासिल की है।

वर्ष 2012 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त की गई विभूति मंगल ने 10 वर्षों तक भारतीय वायुसेना में सेवाएँ दीं। उन्होंने हेलीकॉप्टर अभियानों में विशेषज्ञता हासिल की और बचाव, टोही और हेलीकॉप्टर लॉन्च मिशन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभूति पहली महिला अधिकारी हैं, जिन्हें कॉम्बैट असॉल्ट टीम (सी.ए.टी.) का हिस्सा बनने का प्रशिक्षण दिया गया। वे अंतर्राष्ट्रीय युद्ध अभ्यास में भाग ले चुकी हैं और भारत सरकार के लिए कई सफल बचाव मिशन संचालित कर चुकी हैं।



वर्ष 2022 में विभूति ने अपने सैन्य करियर से एमेज़ॉन का रुख किया। उन्होंने ग्लोबल आईटी मैनेजर के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और उस टीम का हिस्सा बनीं, जो 24×7 ऑपरेशन्स टेक्नोलॉजी सर्विसेस (ओटीएस) का समर्थन करती है। उनकी सैन्य पृष्ठभूमि ने उनमें अदम्य सहनशक्ति और अनुकूलनशीलता का संचार किया, जिसे वे आज भी अपनी भूमिका में बखूबी लागू करती हैं।

विभूति कहती हैं, 'जिन चुनौतियों को मैं संभालती हूँ, वे मुझे एक बेहतर लीडर और टीम मेट बनाती हैं।' सैन्य सेवा के दौरान उनमें जो जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई, वह अब एमेज़ॉन में उनकी भूमिका में भी बखूबी झलकती है। उन्होंने आगे कहा, 'मैं अन्य महिला कर्मचारियों को काम और जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के बारे में मार्गदर्शन देती हूँ। इसके साथ ही, पीडब्ल्यूडी की सहयोगी के रूप में, मैंने स्वेच्छा से भारतीय सांकेतिक भाषा सीखी है, ताकि उनके साथ बातचीत कर सकूँ। इससे मुझे अधिक संवेदनशील बनने और बेहतर स्टेकहोल्डर मैनेजमेंट में मदद मिली है।' स्वयंसेवक के रूप में, विभूति ने 2023 और 2024 में सफलतापूर्वक एम्प्लॉयी चैंपियन ग्रांट्स के लिए आवेदन किया। यह एमेज़ॉन की एक पहल है, जिसमें एम्प्लॉयीज़ गैर-लाभकारी संगठनों के लिए एक बार कॉर्पोरेट अनुदान का अनुरोध कर सकते हैं। इस ग्रांट का उपयोग उत्तराखंड के नैना देवी रिज़र्व के सुदूर गाँवों में कौशल विकास और राजस्थान के जयपुर में छात्रों के लिए शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किया गया। विभूति ने इन फंड्स का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए इन इलाकों का दौरा किया, कार्य का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि लाभार्थियों को सही मायनों में इस समर्थन का लाभ मिले।

पेशेवर उपलब्धियों से परे, विभूति अपनी बेटी को सेवा और कड़ी मेहनत के मूल्य सिखाते हुए, एक उदाहरण स्थापित करने का प्रयास करती हैं। वे कहती हैं, 'मैं चाहती हूँ कि मेरी बेटी सिर्फ मेरी बातों से ही नहीं, बल्कि मेरे कार्यों से भी सीखे।'

एमेज़ॉन के प्रभावशाली मिलिट्री प्रोग्राम ने न सिर्फ पूर्व सैनिकों को सशक्त बनाया है, बल्कि कंपनी की कार्य संस्कृति को विविधता, धैर्य और उत्कृष्टता के जुनून से भी समृद्ध किया है। कंपनी ने डाइरेक्टर जनरल ऑफ रिसेटलमेंट (डीजीआर), इंडियन नेवल प्लेसमेंट एजेंसी (आईएनपीए), इंडियन एयरफोर्स प्लेसमेंट एजेंसी (आईएएफपीए), आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइज़ेशन (एडब्ल्यूपीओ) और इंडियन कोस्ट गार्ड के साथ साझेदारी की है, ताकि सैन्य सेवा से निवृत्त होने वाले लोग देशभर में एमेज़ॉन में उपलब्ध कार्य के विभिन्न सार्थक अवसरों के बारे में जान सकें। पूर्व सैनिकों के अमूल्य कौशल को पहचानकर और उन्हें निखारते हुए, एमेज़ॉन न सिर्फ एक विविध और प्रतिभाशाली कार्यबल का निर्माण कर रहा है, बल्कि उन लोगों के प्रति अपने अडिग समर्थन का प्रमाण भी दे रहा है, जिन्होंने देश की सेवा की है।

एमेज़ॉन विविधता और समावेश को बढ़ावा देते हुए विभिन्न पृष्ठभूमियों और अनुभवों वाले लोगों को एक साथ लाता है, जो इसे कार्य करने के लिए एक बेहतरीन स्थान बनाता है। कंपनी नेतृत्व और विचारों की विविधता का उत्सव मनाती है, जिसे वह अपनी ग्राहक-केंद्रितता की दृष्टि को साकार करने के मुख्य घटक के रूप में देखती है।

## महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय आरजिया में वार्षिकोत्सव आयोजित

# जीवन में ईमानदारी व सत्यनिष्ठा से की गई मेहनत हमेशा होती है सफल- विधायक भडाणा





### विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भामाशाहों का किया सम्मान

**भीलवाड़ा (पुकार) ।** महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय आरजिया में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माण्डल, विधायक उदयलाल भडाणा, विशिष्ट अतिथि शरद सिंह चौहान, मुकेश कुमार गुर्जर, बद्रीलाल कीर व मिठु लाल तेली रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद विधायक भडाणा ने छात्रों को सम्बोधित करते कहा कि वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों की प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलता है। जीवन में ईमानदारी व सत्यनिष्ठा से की गई मेहनत हमेशा सफल होती है। शिक्षा से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। आज का दौर शिक्षा व विज्ञान का दौर है एवं इस दौर में अशिक्षित व्यक्ति का समाज में कोई महत्व नहीं है। इस दौरान भडाणा ने सहशैक्षणिक गतिविधि पर जोर देने के साथ ही खेल व शिक्षा के महत्व को बताया। समय का सदुपयोग, करके अपने जीवन को सफल बनाने व आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया। अतिथियों द्वारा इस अवसर पर जिला व राज्य स्तर पर चयनित खिलाडियो व अन्य विजेताओ, पूर्व विद्यार्थियों व भामाशाह का सम्मान किया गया। शरद सिंह चौहान द्वारा कक्षा 12वीं एवं 10वीं में प्रथम को 5100 द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2100 रुपये का नकद इनाम प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया। मुकेश कुमार गुर्जर ने विद्यालय में बॉलीबाल खेल मैदान का निर्माण करवाया - प्रधानाचार्य गोपाल लाल गुर्जर एवं उप प्रधानाचार्य विजय कुमार जैन द्वारा भामाशाहों का सम्मान व सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। भदाली खेडा प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र सोमाणी, बालिका विघालय आरजिया प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद शर्मा ने समारोह को सम्बोधित किया। शरद सिंह चौहान ने विवेकानन्द जीवनी पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को विवेकानन्द की जीवनी वितरित की। कार्यक्रम संचालन व्याख्याता रामेश्वर लाल माणम्या द्वारा किया गया।

## विधायक जीनगर का अभिनन्दन किया



**आकोला (पुकार) ।** किसानों के हितार्थ कर्म क्षेत्र में डटे हुए कृषि विभाग के रूट लेवल के कार्य-कर्ता कृषि पर्यवेक्षक एंव सहायक कृषि अधिकारियों को सदा प्रोत्साहित कर विभागिय योजनाओं की बारिकी से मोनेटरिंग कर किसानों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने वाले यशस्वी विधायक अर्जुन लाल जीनगर का बुधवार को अखिल राजस्थान राज्य कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा अभिनन्दन किया गया। विधायक जीनगर ने किसान एवं कृषि गतिविधियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसानो की समस्याओं का डी.बी.टी. के त्वरित निस्तारण करवाये साथ ही साथ कृषि पर्यवेक्षकों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करवाते हुए कृषि कार्य में एवं फिल्ड स्तरीय कार्यकर्ताओं की कार्यो की प्रशंसा की एवं हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया, साथ क्षेत्र के कृषि पर्यवेक्षक जो अन्यत्र कार्यरत थे परिवेदना प्रस्तूत करने पर कपासन विधानसभा क्षेत्र में स्थानान्तरण करा राहत प्रदान की। कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति जिला चित्तौड़गढ़ की ओर से जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार गौड़ के नेतृत्व में विधायक जीनगर का माला, उपरना शाल भेंटकर अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर प्रान्तीय खेल मंत्री एवं जिला संयोजक बालुराम शर्मा, कोस्तूब यादव, हर्षित शर्मा, पुष्कर जाट, कृषि पर्यवेक्षक एंव आकोला मंडल उपाध्यक्ष उदयलाल छीपा, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शोभा देवी जाट उपास्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय पुरुष एवं महिला वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न



**आकोला (पुकार) ।** नेहरू युवा केंद्र चितौड़गढ़ के ब्लॉक स्तरीय पुरुष एवं महिला वर्ग राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उपखण्ड स्तर के खेल मैदान पर 28, 29 जनवरी 2025 तक आयोजित समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम समारोह के मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य सुरेश चंद्र गाडरी, अध्यक्षता ग्राम पंचायत भुपालसागर सरपंच प्यार चंद भील, विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षक संघ वाकपिट अध्यक्ष तिलकेश कुमार आचार्य शारीरिक शिक्षक संघ उप शाखा भुपालसागर सरंक्षक महेंद्र सिंह राणावत, सचिव संतोष कुमार भट्ट, स्काउट सचिव मोहनलाल छीपा, कोषाध्यक्ष अय्यूब रजा शाह, अंबेडकर विचार मंच संस्थान उप शाखा भुपालसागर अध्यक्ष रतनलाल खटीक आकोला, निर्णायक मंडल शारीरिक शिक्षक शिव सिंह चुंडावत, राकेश चौधरी, भगवती लाल मेनारिया, ऊंकार लाल मेनारिया, राजेंद्र कुमार मेनारिया, पुष्पा उपाध्याय, राधा जाट एवं आयोजक नेहरू या केंद्र पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विकास कुमार भील एवं बोतल जाट पटोलिया द्वारा अतिथियों का तिलक एवं उपरना द्वारा सम्मान किया। प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान कबड्डी ग्राम पंचायत लुणेरा रही, द्वितीय स्थान ग्राम पंचायत लुनेरा गांव पुराना हड़मतिया रही, 100 मीटर दौड़ में महेंद्र दास वैष्णव प्रथम स्थान द्वितीय शिवनारायण गुर्जर, 200 मीटर दौड़ में महिपाल सिंह प्रथम, द्वितीय हरिओम, महिला वर्ग में 100 मी प्रथम स्थान खुशी रेगर, द्वितीय स्थान रेणु रेगर, 200 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम केसर कुमारी द्वितीय रस्साकशी में ग्राम पंचायत भुपालसागर प्रथम स्थान पर रही।

# पेलानेड़ा विद्यालय में वार्षिकोत्सव, भामाशाहों एवं प्रतिभावान बालकों का किया बहुमान

**फतहनगर (पुकार) ।** ग्राम पंचायत बड़गाँव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय पेलानेड़ा में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी छुट्टनलाल मीणा ने की जबकि मुख्य अतिथि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के अतिरिक्त जिला मंत्री शंकरलाल जाट लदाना थे। विशिष्ट अतिथि युवा जाट महासभा मावली तहसील अध्यक्ष हरीश जाट, अतुल गोपाल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा मावली अ के अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, कोषाध्यक्ष सोहनलाल जाट, सविता बिश्नोई, गरिमा पुरोहित, रीना पालीवाल, गोपाललाल जाट भोपालसागर, वार्ड पंच पप्पु कुमार जाट, किशनलाल जाट, अरविंद जाट, पारस मंडोवरा, विनोद सैनी चुंडावत खेड़ी, सोनम मीणा सेगड़िया, शांता जाट डांगीखेड़ा, दुर्गाशंकर मीणा जोधाणा, मदन जाट, लोकेश मंडोवरा, शान्तिलाल जाट आदि थे। अतिथियों का स्वागत संस्था प्रधान प्रभुलाल जाट, रामवीर गुर्जर, भगोती आदि ने किया। मंच संचालन सुनील विजयवर्गीय व्याख्याता ने किया। छात्रों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर विद्यालय को सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। सत्र भर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यालय के पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। भामाशाह अतुल गोपाल अग्रवाल द्वारा विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाने की घोषणा की। इस अवसर पर पुरुषोत्तम शर्मा, अशोक कुमार, रमेश चौधरी, गोपीलाल मेनारिया, किशनलाल तिवारी, भंवरलाल शर्मा, नरेन्द्रसिंह जाट, उदयलाल भील, एस एम सी अध्यक्ष गणेशलाल भील, लक्ष्मण मेघवाल, रामलाल जाट, मोहनलाल गाडरी, मोहनलाल भील सहित ग्रामवासी एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।



# 107 विद्यार्थियों को एयरटेल सिम वितरण का किया शुभारंभ



**फतहनगर (पुकार) ।** मावली ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों (कक्षा-8, 10 व 12) बोर्ड परीक्षा 2024 के उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले चयनित 107 विद्यार्थियों को जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में टेबलेट वितरण किए गए थे। आज चयनित सभी 107 विद्यार्थियों को एयरटेल सिम वितरण का शुभारंभ किया गया। वितरण कार्यक्रम के समय संस्थापन अधिकारी करणसिंह राव,अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार झा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव त्रिवेदी, चुन्नीलाल अहीर, कमलेश त्रिवेदी, शांतिलाल मीणा, भुपेन्द्र सिंह, कैलाश प्रजापत, महेंद्र सिंह, शंकर लाल, रमेश बड़गुर्जर, सरसी बाई सहित कार्यालय स्टाफ विद्यार्थी, अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे। बुधवार तीन बजे तक 107 में से 62 विद्यार्थियों को एयरटेल सिम वितरण कर दी गई। धोलीमंगरी-2, डबोक-2, भीमल-4, चंदेसरा-1, फतहनगर-6, मावली जं.-8, बोयणा-3, सांगवा-2, सनवाड़-3, साकरिया खेड़ी-1, नान्दवेल-2, सालेरा कला-5, नऊवा-2, महुड़ा-4, गोविन्दपुरा-1, साकरोदा-1, पलाना कला-3, बासनी कला-1, खेमली-4, बड़गांव-3, घासा-4 विद्यार्थियों ने एयरटेल सिम प्राप्त की। शेष रहे 45 विद्यार्थी गुरूवार एवं शुक्रवार कार्यालय समय में मावली ब्लॉक कार्यालय से निर्धारित प्रारूप में प्राप्ति रसीद जमा करा प्राप्त कर सकेंगे। टेबलेट सिम वितरण में शांतिलाल मीणा व कैलाश प्रजापत ने सहयोग किया।

## साकरोदा में 65 विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर



**फतहनगर।** मावली ब्लॉक के साकरोदा विद्यालय में कक्षा 08 तक अध्ययनरत 65 विद्यार्थियों को जैन शोसियल ग्रुप द्वारा मंगलवार को स्वेटर वितरण किए गए। संस्थान के संस्थापक हिमांशु मेहता, सचिव दीपक जैन, मंत्री नितेश जैन ने विद्यालय स्टाफकी उपस्थिति में स्वेटर वितरण किया। शिक्षक दिगम्बर, नरेश, व हिरा लाल ने अतिथियों के तिलक लगाकर, उपरणा ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कालूराम जाट ने किया। आभार व्यक्त आरती वर्मा ने किया। विद्यार्थियों, अतिथियों व विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में आयोजन सम्पन्न हुआ। विद्यालय स्टाफमें सरोज मोड़, शिव कुमार शर्मा, खुश्बू मीणा, सुरेश कश्यप, प्रमोद गुप्ता, पूनम, फरेस्ता, दिगम्बर सिंह, नरेश पालीवाल, हिरालाल जेवलिया, साधना वाणावत, कालूराम जाट व आरती वर्मा उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

## उदयपुर जिला शोटो कप कराटे चैंपियनशिप संपन्न



**उदयपुर (पुकार)।** जिला कराटे संघ उदयपुर के तत्वाधान में न्यू नवरतन स्थित चावत स्पोर्ट्स एकेडमी में उदयपुर जिला शोटो कप कराटे चैंपियनशिप संपन्न हुई। जिला कराटे संघ उदयपुर के सचिव डॉक्टर विक्रम सहगल ने बताया कि बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में काता एवं कुमिते दोनों तरह की कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उदयपुर जिला कराटे संघ के तकनीकी निदेशक डॉ मुकेश सुखवाल की निर्देशन में बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में अलग अलग आयु वर्ग में बालक एवं बालिका के कराटे के मुकाबले हुए। बालक वर्ग में 6 से 8 वर्ष की आयु वर्ग में इशितव ने स्वर्ण पदक जीता, वही 8 से 10 वर्ष की आयु वर्ग में यश ने स्वर्ण पदक, 10 से 12 वर्ष की आयु वर्ग में कुशवीर ने स्वर्ण पदक जीता, 12 से 17 वर्ष की आयु में वर्ग में देवांश ने स्वर्ण पदक एवं सीनियर वर्ग में यश ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में 6 से 8 वर्ष की आयु वर्ग में परीशा एवं ख्याति ने स्वर्ण पदक , 8 से 10 वर्ष की आयु वर्ग में नायरा एवं कियारा ने स्वर्ण पदक, 13 से 17 वर्ष की आयु वर्ग में वीरा ने स्वर्ण पदक एवं सीनियर वर्ग में खुशी ने स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता के बाद आयोजित हुए पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विनोद साहू थे। साहू ने सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल पहनकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में आशीष शर्मा , सलोनी उपाध्याय , खुशी रामेज, कर्णिका मेहता , ईशान बंसल , अनन्या शर्मा , रवि खत्री , डॉ. जिशी जोशी ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

## विद्यार्थियों को मौनी अमावस्या पर योगाचार्य शुभम पुर्बिया ने कराया 'ध्यान' का अभ्यास



**उदयपुर (पुकार)।** मौनी अमास्या के उपलक्ष में विद्यालय में कक्षा 10वीं व 12वीं विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओ के देखते हुए योगाचार्य शुभम पुर्बिया ने विशेष 'ध्यान' (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया गया। इस अवसर योगाचार्य शुभम पुर्बिया ने बताया कि ध्यान करने से छात्रों को विशेष रूप से लाभ होता है, जो छात्र प्रतिदिन ध्यान करते हैं उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, पढ़ाई में मन लगता है, याददाश्त बढ़ती होती है, पढ़ा हुआ याद रहता है, उनका ध्यान यहां वहां नहीं भटकता है। छात्र अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ उनका स्वभाव अच्छा रहता है मन और विचारों में सदैव सकारात्मकता बनी रहती है, जिससे छात्र पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ साथ वे तेजी से चीजों को सीख पाते हैं।

## नीरज सुथार को मिली पीएचडी की उपाधि



**उदयपुर (पुकार)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के वाणिज्य संकाय में नीरज सुथार को लघु एवं मध्यम स्तरीय उद्योगों पर कोविड 19 महामारी के प्रभाव का अध्ययन-उदयपुर संभाग के विशेष संदर्भ में शोध कार्य करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. सुथार ने अपना शोध कार्य डॉ. प्रीति कंवर राजपुत के निर्देशन में किया।

## एमबी कॉलेज के एल्युमिनी छात्रों के स्वर्ण जयंती पर पुरानें छात्रों ने मिल कर यादें ताजा की



**उदयपुर (पुकार)।** एम.बी.कॉलेज में वर्ष 1974-76 में अध्ययन कर चुके छात्रों का स्वर्ण जयन्ती समारोह के अवसर पर आज कुंभलगढ़ स्थित एक निजी रिसोर्ट में पुनर्मिलन हुआ। एल्युमिनी छात्रसंघ के डॉ. एन.के.धींग ने बताया कि 50 वर्ष पूर्व एक साथ विद्यार्थी जीवन जीनें वाले इन सभी पूर्व छात्रों ने दम्पत्ति के रूप में भाग लेकर अपनी पुरानी यादें ताजा की तो सभी के दिल खिल गये। युवावस्था में एक साथ रहें ये सभी लोग आज वरिष्ठ नागरिक के रूप में देख कर प्रसन्नचित्त हुए। आधी सदी बाद मिलें सभी ने एक-दूसरे को देखते ही पहिचान लिया। इस समारोह में शामिल होने वालों में डॉ.एन.के.धींग, डॉ. मेनारिया, राजेन्द्र लोढ़ा, दलाल, सुराणा, कपूर, मुशवी, दोशी,पलोड़ हिंगड़ प्रमुख थे। उन्होंने बताया कि कुछ साथी बेंगलुरू, कपासन, डूंगरपुर, अहमदाबाद से आये थे। सभी ने दिलचप्स्प किस्से, गानें सुनायें। केंप फायर के साथ नाच-गान का लुत्फ उठाया।

## अलका शर्मा को पीएचडी मिली



**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में बैंकिंग एवं व्यवसाय अर्थशास्त्र विभाग की शोधार्थी अलका शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। अलका ने प्रोफेसर मुकेश माथुर के निर्देशन में 'डिजिटल वॉलेट एप्स पर उपभोक्ताओं की धारणाओं एवं संतुष्टि का अध्ययन (जयपुर शहर के विशेष संदर्भ में) विषय पर अपना शोध किया।

## कैलाश चौधरी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतीय जायसवाल सर्वर्गीय महासभा के मुख्य संरक्षक बालेश्वर दयाल जायसवाल, वरिष्ठ संरक्षक पन्नालाल जायसवाल, राष्ट्रीय संरक्षक किशोर हेमराज जायसवाल, राष्ट्रीय संरक्षक रविन्द्र जायसवाल, मुख्य राष्ट्रीय प्रभारी पुरनचंद झरीवाल द्वारा की गई अनुशंसा व व्यापक विचार विमर्श के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन लाल प्रभाती लाल जायसवाल ने उदयपुर के कैलाश चौधरी को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## श्री नेलेश्वर बालाजी को माला अर्पित



**उदयपुर (पुकार)।** हिंद सेवा मानव कल्याण ट्रस्ट एवं नेला तलाब विकास समिति सेक्टर 14 के संयुक्त तत्वावधान में शंकर सुवन केसरी नंदन को आठवीं माला राम स्तुति एवं सुंदरकांड के पारायण कर अर्पित की गई समिति अध्यक्ष मदन सिंह बाबरवाल, श्याम चरण शर्मा,गगनदीप कालरा,जय नारायण चौबिसा, धनीराम ट्रस्ट संरक्षक गोपाल सरपटा,अशोक मारू, प्रेम शंकर श्रीमाली, ज्योत्सना आमेटा, गौरव त्रिवेदी,दलपत कुमावत, विष्णु शंकर पालीवाल, हिम्मत सिंह पोखरना,अध्यक्ष दिव्य कुमार आदि विग्रह दर्शन लाभार्थी रहे।

# नेशनल क्रिकेट अंडर-19 प्रतियोगिता का आगाज





## जनजाति मंत्री ने एक बॉल खेलकर किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

## उदयपुर में पहली बार हो रही एसजीएफआई की स्कूली नेशनल प्रतियोगिता

**उदयपुर (पुकार)।** एसजीएफआई द्वारा एमजीजीएस सुन्दरवास, उदयपुर की मेजबानी में विद्यालयी 19 वर्ष छात्रा की 68वीं राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज बुधवार को जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर विधायक ताराचंद जैन ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह चौहान, किशनलाल खटीक, विश्वविद्यालय क्रीड़ा मंडल के सचिव भीमराज पटेल, संयुक्त निदेशक रंजना कोठारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार जैन, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय डॉ.लोकेश भारती, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुरलीधर चौबीसा, ललित दक, एसजीएफआई के पर्यवेक्षक डीके सिंह, बीकानेर निदेशालय के प्रतिनिधि हेमाराम जाट, आत्माराम, सीबीईओ झाडोल पवन कुमार रावल , प्रधानाचार्य एवं भामाशाह के प्रेरक संजय बडाला आदि थे। मुख्य अतिथि बाबूलाल खराड़ी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों द्वारा किए गए मार्च पास्ट की सलामी ली एवं ध्वजारोहण के बाद सभी खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाई। उसके बाद सभी टीमों के कप्तान से परिचय प्राप्त किया गया एवं उद्घाटन घोषणा की।

आयोजन समिति के गोपाल मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत दिल्ली एवं आंध्र प्रदेश के बीच खेले गए उद्घाटन मैच से ठीक पहले मैदान पर मंत्री ने एक बॉल खेलकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इससे पूर्व आयोजक विद्यालय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सुंदरवास के प्रधानाचार्य आशुतोष तुली एवं वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय सिंह रावत ने अतिथि स्वागत किया। रेजीडेंसी स्कूल की छात्राओं ने बैंड की धुन के साथ एनसीसी कैडेट्स (बालिका) दल द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उद्घाटन समारोह का संचालन हरीश वैष्णव, ऋचा रूपल, वनिता वागरेचा, पायल कुमावत, रेणुका थ्योप्लस ने किया।

विभिन्न विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने शानदार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की एवं योग नृत्य किया। वंदे मातरम का गायन शबनम चतुर्वेदी एवं वाद्य यंत्र कलाकार नरेंद्र कुमार वर्मा तथा अखिलेश शर्मा की टीम ने किया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच शहर के अलग अलग 6 मैदानों पर करवाये जा रहे है। उद्घाटन कार्यक्रम की समाप्ति के ठीक बाद एसजीएफआई के शेड्यूल के अनुसार मैच एमबी क्रिकेट ग्राउंड ए व बी, बीएन कॉलेज ग्राउंड, रेलवे ट्रेनिंग प्रताप नगर ग्राउंड, राजस्थान कृषि महाविद्यालय ग्राउंड, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल ग्राउंड पर शुरू हो गए। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू एंड कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, आंध्र प्रदेश ,चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम बंगाल ,केरला, पंजाब, झारखंड, गुजरात ,बिहार, सीबीसीई डब्ल्यूएफ, आईपीएससी, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, सीआईएससीई, एवं राजस्थान टीम प्रतियोगिता में देश की 22 टीमें भाग ले रही है।

उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा लक्ष्मण सालवी ने बताया कि मेजबान राजस्थान एवं जम्मू एंड कश्मीर के मध्य आज दोपहर 1:30 बजे बीएन कॉलेज के खेल मैदान पर हुए 20 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जम्मू एंड कश्मीर की टीम 15 ओवर में मात्र 38 रन पर ऑल आउट हो गई। राजस्थान को 39 रन का लक्ष्य मिला राजस्थान की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यह लक्ष्य चार ओवर तीन बॉल में ही तीन विकेट खोकर हासिल करते हुए सात विकेट से मैच को जीत लिया । राजस्थान की टीम से खेलते हुए गेंदबाज तनिष्का ने चार रन देकर चार ओवर में चार विकेट लिए, वही मेधावी ने तीन ओवर में मात्र 9 रन देकर दो विकेट लिए। वही बल्लेबाज वृंदा शर्मा ने 14 रन एवं निशा ने 13 रन बनाए।

गीतांजलि खेल मैदान पर खेले गए मैच में तेलंगाना ने मध्य प्रदेश को 20 रन से हराया। पहले खेलते हुए तेलंगाना ने 85 रन बनाए थे जवाब में मध्य प्रदेश की टीम 65 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। एमबी ए खेल मैदान पर खेले गए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मैच में उत्तर प्रदेश ने चार विकेट से मैच जीत लिया। राजस्थान कृषि महाविद्यालय के खेल मैदान पर छत्तीसगढ़ और सीआईएससीई के बीच खेले गए मुकाबले में 102 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छत्तीसगढ़ की टीम ने मात्र दो विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया और 8 विकेट से मैच जीत लिया।

# सरहद से समंदर मोटरसाइकिल रैली पहुंची झीलों की नगरी

## मेवाड़ की धरा पर हुआ भव्य स्वागत



**उदयपुर (पुकार)।** इंडियन कॉस्ट गार्ड के 49वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, 'सरहद से समंदर' मोटरसाइकिल अभियान 22 जनवरी को अटारी से रवाना होकर बुधवार को उदयपुर पहुंचा। उदयपुर सिटी पैलेस में शिक्षाविद, समाजसेवी और मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने इस काफिले का स्वागत किया। इसका नेतृत्व कमांडेंट श्याम सुंदर और कमांडेंट संदीप शुक्ला कर रहे हैं। श्री मेवाड़ ने इस अभियान में शामिल सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए राष्ट्रहित में उनके योगदान एवं सतत प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति सेवा व समर्पण के लिए प्रेरित करते है।

उप समादेशक गौरव आचार्य ने बताया कि यह रैली राजस्थान और गुजरात के विभिन्न शहरों और गांवों से होकर गुज़रेगी, जिससे ग्रामीणों का राष्ट्र के प्रति जुड़ाव और भी गहरा होगा। यात्रा के दौरान टीम लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगी जो राष्ट्रप्रेम व सेवा के प्रति आमजन को प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति जुड़ाव आपसी विश्वास, सम्मान और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। भारतीय तटरक्षक बल, जो समुद्री सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ मानवीय सहायता, आपदा राहत और तटीय समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, इसी सेवा भावना को आगे बढ़ा रहा है और राष्ट्र के हर नागरिक को सशक्त बनाने के अपने मिशन पर अडिग है। यह अभियान ग्रामीण और शहरी भारत के बीच एक सेतु का कार्य करेगा, जिससे हर नागरिक खुद को राष्ट्रीय संरचना का अभिन्न अंग महसूस करे और गर्व से राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे।

### रैली को झंडी दिखाकर किया केवडिया के लिए रवाना

इस ऐतिहासिक अभियान को बुधवार की सुबह बैटल ऐक्स डिवीजन के कमांडर त्रिमशत ब्रिगेड ने झंडी दिखाकर केवडिया गुजरात के लिए रवाना किया गया। उप समादेशक गौरव आचार्य ने बताया कि यह रैली भारतीय सरकार के दृष्टिकोण, जैसे ÷एक पेड़ माँ के नाम÷, ÷बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ÷, ÷स्वच्छ भारत अभियान÷ और अन्य कई अभियानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, विशेष रूप से ग्रामीण और उप-शहरी क्षेत्रों में। इसके अलावा, स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल के जीवन, इसके मूल्यों और पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अवसर प्रदान करने के बारे में जानकारी साझा की जाएगी, जिससे युवाओं को सशस्त्र बलों को करियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह मोटरसाइकिल रैली सिर्फ एक यात्रा नहीं है, बल्कि यह एक आंदोलन है जो जुड़ने, प्रेरित करने और सशक्त बनाने का कार्य करती है।

## 'वरिष्ठ कांग्रेस जनसम्मान कार्यक्रम' के साथ ही निगम चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी नगर निगम के सभी वार्डो में 'जनजागरण कार्यक्रम' एवं 'वरिष्ठ कांग्रेस जनसम्मान कार्यक्रम' के माध्यम से आने वाली 1 फरवरी, 2025 से नगर निगम चुनावों की तैयारियों के लिए कार्यक्रम बनाकर सभी वार्डो का सघन दौरा करेगी। आगामी 1 फरवरी, 2025 से प्रारंभ होने वाले 'कांग्रेस जनजागरण' एवं 'वरिष्ठ कांग्रेस जनसम्मान कार्यक्रम' के साथ उदयपुर शहर जिला कांग्रेस नगर निगम चुनावों की तैयारियां शुरू करेगी। इस सम्बन्ध में आज प्रातः 9:30 बजे उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कार्यालय, 116 मदन निवास, निमच माता स्कीम पर उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ एवं उदयपुर शहर जिला कांग्रेस संगठन महासचिव अरुण टांक ने उपस्थित दोनों ब्लॉक अध्यक्ष एवं सभी मंडल अध्यक्षगण के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तय करी। उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ एवं संगठन महासचिव अरुण टांक ने बताया कि आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। और उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष एवं संबंधित मंडल अध्यक्षगण और वार्ड के कांग्रेस पदाधिकारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड स्तर पर कार्यक्रम करने जा रही है। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान कर उनके अनुभवों के आधार पर वरिष्ठ एवं युवा साथियों के साथ मिलकर वार्ड स्तर की रणनीति बनाई जाएगी। और आने वाले नगर निगम चुनावों में कांग्रेस का बोर्ड बने इस दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, संगठन महासचिव अरुण टांक, ए ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्वर मीणा, बी ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह सहित मंडल अध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा, अमित सुहालका, महेश धनावत उपस्थित रहे।

## रामनिवास मिर्धा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि

**उदयपुर (पुकार)।** 'रक्षाबंधन धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रामनिवास मिर्धा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। जिसमें दीप प्रज्जवलित कर उन्हे नमन किया।

इस अवसर पर प्रियांश मेहता, नरेश साहू, पुरूषोत्तम मोची, कपिल साहू, अंकित साहू, संजय नलवाया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में मेडिटेशन का महत्व एवं तनाव मुक्त वातावरण पर सेमिनार आयोजित



**उदयपुर (पुकार)।** वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, साई तिरूपति यूनिवर्सिटी में मेडिटेशन के महत्व और तनाव मुक्त परीक्षा वातावरण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जीएम राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी रीमा दीदी ने कहा कि मेडिटेशन करने से मानसिक रूप से शांति, दिमाग में ऊर्जा और पॉजिटिविटी महसूस होती है। मेडिटेशन छात्रों को कई तरह से मदद कर सकता है, जिसमें उनका ध्यान केंद्रित करना व याददाश्त में सुधार करना शामिल है। यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी मदद करता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. खेमचंद गुप्ता ने कहा कि परीक्षाओं में तनाव से बचना ज़रूरी है क्योंकि इससे मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इससे बचने के लिए स्वस्थ रहना, आराम एवं मेडिटेशन करना सख्त ज़रूरी है।

# उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल 7वें संस्करण में वैश्विक संगीत का भारतीय मंच पर अद्भुत संगम

### उदयपुर में 7 से 9 फरवरी तक संगीत का महासंगम

### 15 देशों के 150 कलाकार और 22 बैंड करेंगे धमाकेदार प्रस्तुतियां

**उदयपुर (पुकार)।** बहुप्रतीक्षित उदयपुर विश्व संगीत महोत्सव का सातवां संस्करण 7 से 9 फरवरी तक आयोजित होगा। राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग, सहर व हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के तत्वावधान में होने वाले इस महोत्सव की थीम 'सारंगी जैसे भूले-बिसरे संगीत वाद्ययंत्रों और राजस्थान की परंपराओं का संरक्षण और प्रचार' रखी गई है। यह आयोजन सभी के लिए निःशुल्क रहेगा, जो इसे हर वर्ग के लिए एक विशेष सांस्कृतिक अनुभव बनाता है।

इस महोत्सव में 15 से अधिक देशों के 22 अंतरराष्ट्रीय बैंड अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिनमें अर्जेंटीना, ईरान, स्वीडन, स्पेन, आइवरी कोस्ट, कुर्दिस्तान, जर्मनी, हंगरी और रीयूनियन आइलैंड जैसे देश शामिल हैं। इनमें से कई कलाकार भारत में पहली बार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही भारतीय संगीत जगत की मशहूर हस्तियां शान, कर्ष काले, कनिका कपूर और फ़रीदकोट जैसे कलाकार भी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। यह महोत्सव न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के संगीत प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित होने वाला है।

उदयपुर विश्व संगीत महोत्सव को उदयपुर के तीन प्रतिष्ठित स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव की शुरुआत 8 और 9 फरवरी को सुबह 8 से 10 बजे तक मांझी का घाट पर शांतिपूर्ण ध्यान सत्रों से होगी। सिटी पैलेस, जग मंदिर और हेरिटेज होटलों के मनमोहक दृश्य इन सत्रों को सूर्योदय के समय खास बना देंगे। इसके बाद दोपहर के सत्र फतेह सागर पाल पर आयोजित होंगे, जो 8 और 9 फरवरी को दोपहर 3 से 5 बजे तक चलेंगे। यहां दर्शक झील के किनारे बैठकर रोमांटिक संगीत का आनंद ले सकेंगे। शाम के कार्यक्रमों का समापन गांधी ग्राउंड में होगा, जहां तीनों दिन शाम 6 से 10 बजे तक सितारों के नीचे हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस प्रस्तुत किए जाएंगे।

सहर के संस्थापक संजीव भार्गव ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल संगीत की विविधता का एक अनूठा उत्सव है। यह पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के कलाकारों को मंच प्रदान करता है, ताकि वे अपनी कला के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों से जुड़ सकें और यादगार अनुभव दे सकें। यह महोत्सव संगीत की वह शक्ति दिखाता है, जो संस्कृतियों को जोड़ने और बाधाओं को दूर करने में सक्षम है।

# हिंगलाज माता की जोत पाकिस्तान से उदयपुर मेलडी माता मंदिर आएगी : महंत विरम नाथ महाराज

**उदयपुर (पुकार)।** श्री मेलडी माता मूर्ति स्थापना महोत्सव के दौरान श्री हिंगलाज माता जी की जोत पाकिस्तान से उदयपुर मेलडी माता मंदिर आएगी। यह जानकारी बुधवार को मेलडी माता मंदिर बापा सीताराम आश्रम में हुई प्रेस वार्ता में महंत विरमनाथ महाराज, एवं साध्वी राजु बा ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां श्री भगवती मेलडी माता मंदिर बापा सीताराम आश्रम पर 6 फरवरी गुरुवार से 8 फरवरी शनिवार तक मूर्ति स्थापना महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें 108 कुंडी देवी महायज्ञ में हिंगलाज माताजी की पाकिस्तान में स्थित प्रथम शक्तिपीठ हिंगलाज माताजी मंदिर से जोतलाकर उदयपुर मेलडी माता मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बजरंग सेना मेवाड़ प्रमुख कमलेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि प्रेस वार्ता में महंत ने कहा कि श्री हिंगलाज माताजी, श्री बगलामुखी माता जी, लक्ष्मी माता जी की मूर्ति स्थापना की जाएगी।



हिंगलाज माताजी मंदिर की जोत 7 फरवरी शुक्रवार को उदयपुर पहुंचने पर उदियापोल बस स्टैंड चौराहे से भव्य शोभा यात्रा द्वारा मेलडी माता मंदिर लाई जाएगा। जिसमें हाथी, घोड़े, ऊंट, बगी, बैंड बाजा से माताजी का रथ एवं अनेक भक्तों द्वारा सम्मिलित होकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। 108 कुंडी देवी महायज्ञ में 108 हवन कुंड बनेंगे जिसमें 108 किलो देसी गाय के शुद्धघी की आहुति दी जाएगी। इससे पूरे उदयपुर एवं पूरे विश्व कल्याण के लिए एवं अभी महाकुंभ चल रहा है। इस दौरान इस हवन में आने वाले को सभी भक्तों को लाभ मिले, हिंगलाज माता की जोत यात्रा बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन, पटेल सर्कल, पारस चौराहा ,जोगणिया माता मंदिर, सेक्टर 11 रोडवेज डिपो, सेक्टर 13, सेक्टर 14, रोशन जी की बाड़ी होते हुए बाईपास मेलडी माता मंदिर पहुंचेगी। प्रेस वार्ता में बताया कि 8 फरवरी पूर्ण आहुति के दौरान मेवाड़ पूर्व राज परिवार के सदस्य एवं विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ एवं सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ को कार्यक्रम के लिए उन्हें निमंत्रण दिया गया। प्रेस वार्ता में सर्व देवी पूजक समाज सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश देलवाडिया, उपाध्यक्ष भोला माकन जिया, महामंत्री नरेंद्र देलवाडिया, कोषाध्यक्ष बाबू पनारिया ,धर्म , राजेश, अनिल देलवाडिया, महेश सुनील ,विजय धनारिया, सतीश राहुल सागर, तरुण जितेंद्र उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.